भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4623
दिनांक 28 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

संबल कार्यक्रम

4623. श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे :
श्री अनुराग शर्मा :
श्रीमती भारती पारधी :
श्री राधेश्याम राठिया:
डॉ. निशिकान्त दुबे :
श्री दामोदर अग्रवाल:
श्री गजेन्द्र सिंह पटेल :
श्री कंवर सिंह तंवर :
श्रीमती हिमाद्री सिंहः
श्रीमती कमलजीत सहरावत:
श्री मनोज तिवारी:
श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया :
सुश्री कंगना रनौत :
श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) फरवरी, 2025 तक देश भर में मिशन शक्ति के संबल कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यवार विशेषकर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के अमरोहा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में संचालित वन-स्टॉप सेंटरों (ओएससी) की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत विशेषकर उक्त राज्य सहित राज्यवार कितनी महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है;

(ग) क्या उक्त कार्यक्रम में इन केन्द्रों विशेषकर उक्त राज्यों/निर्वाचन क्षेत्रों में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के मामलों पर कार्रवाई करने के लिए अस्थायी आश्रय की सुविधा / समर्पित आपातकालीन वाहन प्रदान किए जाते हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (घ): वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) मिशन शक्ति के अंतर्गत संबल वर्टिकल का एक घटक है। यह निजी और सार्वजनिक दोनों स्थानों पर हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत सहायता और सहयोग प्रदान करता है। यह जरूरतमंद महिलाओं को चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता और सलाह, **अस्थायी आश्रय**, पुलिस सहायता और मनो-सामाजिक परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान करता है। आज तक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली और अमरोहा संसदीय क्षेत्र सहित देश भर में 812 ओएससी कार्यशील हैं। 31.01.2025 तक इन केन्द्रों द्वारा 10.80 लाख से अधिक महिलाओं की सहायता की गई है। कार्यशील ओएससी और सहायता की गई महिलाओं का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है। सरकार ने ओएससी के लिए समर्पित आपातकालीन वाहनों को किराए पर लेने का भी प्रावधान बनाया है।

****

अनुलग्नक

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे, श्री अनुराग शर्मा, श्रीमती भारती पारधी, श्री राधेश्याम राठिया, डॉ. निशिकान्त दुबे, श्री दामोदर अग्रवाल, श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, श्री कंवर सिंह तंवर, श्रीमती हिमाद्री सिंह, श्रीमती कमलजीत सहरावत, श्री मनोज तिवारी, श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया, सुश्री कंगना रनौत, श्रीमती स्मिता उदय वाघ और श्री माधवनेनी रघुनंदन राव द्वारा दिनांक 28.03.2025 को लोकसभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं. 4623 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

31.01.2025 तक कार्यशील ओएससी और सहायता की गई महिलाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कार्यशील ओएससी की संख्या	31.01.2025 तक सहायता की गई महिलाएं
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	3	2,045
2	आंध्र प्रदेश	26	43,119
3	अरुणाचल प्रदेश	25	2,375
4	असम	36	25,710
5	बिहार	39	42,261
6	चंडीगढ़	1	1,790
7	छत्तीसगढ़	27	47,504
8	डीएनएचडीडी	3	1,276
9	दिल्ली	11	26,074
10	गोवा	2	7,087
11	गुजरात	35	40,189
12	हरियाणा	22	46,448
13	हिमाचल प्रदेश	12	3,754
14	जम्मू एवं कश्मीर	20	13,349
15	झारखंड	24	5,440
16	कर्नाटक	39	30,350
17	केरल	14	21,540
18	लद्दाख	2	115
19	लक्षद्वीप	1	Nil
20	मध्य प्रदेश	57	1,10,839
21	महाराष्ट्र	55	35,398
22	मणिपुर	16	1,832
23	मेघालय	12	4,232

24	मिजोरम	11	2,199
25	नागालैंड	11	1,461
26	ओडिशा	30	35,201
27	पुदुचेरी	4	488
28	पंजाब	23	20,552
29	राजस्थान	37	49,800
30	सिक्किम	6	1,769
31	तमिलनाडु	48	1,06,558
32	तेलंगाना	36	71,191
33	त्रिपुरा	8	1,211
34	उत्तर प्रदेश	79	2,63,385
35	उत्तराखंड	14	8,905
36	पश्चिम बंगाल	23	5,443
	कुल	**812**	**10,80,890**

*****